हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

चौदहवां सत्र

समाचार भाग-1

संख्याः 141

वीरवार, 17 मार्च, 2017/26 फाल्गुन, 1938(शक्)

सदन की कार्यवाही का संक्षिप्त अभिलेख

11.00 बजे (पूर्वाह्न)

सदन की बैठक माननीय अध्यक्ष, श्री बृज बिहारी लाल बुटेल की अध्यक्षता में आरम्भ हुई ।

1. **प्रश्नोत्तरः**

(i) **तारांकित प्रश्नः**

तारांकित प्रश्न संख्या 3880 से 3891 तक के उत्तरों पर अनुपूरक प्रश्न पूछे गए तथा सम्बन्धित मंत्रियों द्वारा उनके उत्तर दिए गए। तारांकित प्रश्न संख्या 3892 से 3898 तक के उत्तर सम्बन्धित मंत्रियों द्वारा दिए गए समझे गए।

(ii) **अतारांकित प्रश्नः**

अतारांकित प्रश्न संख्या 1648 से 1656 तक के उत्तर सभा पटल पर रखे गए।

12-00 PM

2. सदन की समितियों के प्रतिवेदनः

(1) **श्री रविन्द्र सिंह, सभापति, लोक लेखा समिति, (वर्ष 2016-17)** ने समिति के निम्न प्रतिवेदनों की एक-एक प्रति सभा में उपस्थापित की तथा सदन के पटल पर रखी :-

(i) समिति का **237वां मूल प्रतिवेदन** (अष्टम् विधान सभा) में अन्तर्विष्ट सिफारिशों पर बना 308वां कार्रवाई प्रतिवेदन (नवम् विधान सभा) में निहित सिफारिशों पर सरकार द्वारा कृत कार्रवाई पर आधारित **अग्रेत्तर कार्रवाई विवरण** जोकि **वन विभाग** से सम्बन्धित है;

(ii) समिति के **200वें मूल प्रतिवेदन** (दशम् विधान सभा) में अन्तर्विष्ट सिफारिशों पर बना द्वितीय कार्रवाई प्रतिवेदन (ग्यारहवीं विधान सभा) में निहित सिफारिशों पर सरकार द्वारा कृत कार्रवाई पर आधारित **अग्रेत्तर कार्रवाई विवरण** जोकि **आवास विभाग** से सम्बन्धित है; और

(iii) समिति के **277वें मूल प्रतिवेदन** (ग्यारहवीं विधान सभा) में अन्तर्विष्ट सिफारिशों पर बना 41वां कार्रवाई प्रतिवेदन (बारहवीं विधान सभा) में निहित सिफारिशों पर सरकार द्वारा कृत कार्रवाई पर आधारित **अग्रेत्तर कार्रवाई विवरण** जोकि **उच्चतर शिक्षा विभाग** से सम्बन्धित है।

(2) **श्री संजय रतन, सदस्य, लोक उपक्रम समिति, (वर्ष 2016-17)** ने समिति का **69वां मूल प्रतिवेदन** (बारहवीं विधान सभा) जोकि भारत के नियन्त्रक एवं महालेखापरीक्षक के प्रतिवेदन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (आर्थिक क्षेत्र) 31 मार्च, 2015 में इंगित ऑडिट पैरा की समीक्षा पर आधारित तथा **हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम सीमित** से सम्बन्धित है कि प्रति सभा में उपस्थापित की तथा सदन के पटल पर रखी।

(3) **श्री संजय रतन, सदस्य, ग्रामीण नियोजन समिति,** (**वर्ष 2016-17**) ने समिति के निम्न प्रतिवेदनों की एक-एक प्रति सभा में उपस्थापित की तथा सदन के पटल पर रखीः-

(i) समिति का **25वां मूल प्रतिवेदन** जोकि **पशुपालन विभाग** से सम्बन्धित आश्वासनों के कार्यान्वयन पर आधारित है; और

(ii) समिति का **26वां मूल प्रतिवेदन** जोकि **वन विभाग** से सम्बन्धित आश्वासनों के कार्यान्वयन पर आधारित है।

3. <u>वित्तीय वर्ष 2017-2018 के लिए बजट अनुमानः सामान्य चर्चा एवं समापन।</u>

निम्नलिखित ने चर्चा में भाग लियाः-

1. श्री जय राम ठाकुर
2. श्री जगजीवन पाल, मुख्य संसदीय सचिव

(अपराह्न 1.10 बजे सदन की बैठक भोजनावकाश के लिए अपराह्न 2.00 बजे तक स्थगित हुई)

(अपराह्न 2.00 बजे सदन की बैठक माननीय अध्यक्ष श्री बृज बिहारी लाल बुटेल की अध्यक्षता में पुनः आरम्भ हुई)

बजट पर सामान्य चर्चा ज़ारीः

3. श्री रणधीर शर्मा

माननीय उद्योग मन्त्री द्वारा हस्तक्षेप।

4. श्री संजय रतन

माननीय उद्योग मन्त्री द्वारा हस्तक्षेप।

माननीय मुख्य मन्त्री ने चर्चा का उत्तर दिया।

(सांय 4.30 बजे सदन की बैठक सोमवार, दिनांक 27 मार्च, 2017 के अपराह्न 2.00 बजे तक स्थगित हुई)